कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, महुवा (दौसा)

(E-Mail: gcmahuwa@gmail.com Mobile No.: 9461403721)

क्रमांक- 456 दिनांक- 22.08.2022

विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र कमांक एफ 1( ) विद्यासंबल/ आकाशि/ गे.फै./दिशानिर्देश/21/81 दिनांक 14.07.2022 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(2)वित्त/ सा.वि.ले.नि./2021 दिनांक 30.03.2021 की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य को सुचारू बनाने के लिये राज्य सरकार द्वारा "विद्या सम्बल योजना" के अन्तर्गत निम्न वर्णित महाविद्यालयों में निम्न विषयों में अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में वित्त विभाग के परिपत्र के बिन्दु संख्या 4(क) में वर्णित स्तर से बिन्दु संख्या 5 में वर्णित देय मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अध्याधीन आवेदन दिनांक 02.09.2022 सायंकाल 5 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। पात्र अभ्यर्थी मूल आवेदन व्यक्तिशः या डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। इस हेतु महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद के लिये निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी निजि अभ्यार्थी/महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियमों के तहत सेवानिवृत शैक्षणिक अधिकारी ही आवेदन करें। निजि अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष होगी। आमंत्रित शिक्षकों से केवल कालांश के आधार पर अध्यापन कार्य करवाया जावेगा। गेस्ट फैक्ल्टी से निर्धारित शपथ पत्र भरवाकर लिया जावेगा। अधिक जानकारी के लिये महाविद्यालय की वेबसाइट **https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcmahuwa** (आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्तो, शपथ पत्र आदि) को देखें।

क्र.सं.	महाविद्यालय का नाम	विषय का नाम	रिक्तियों की सं.
1.	डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय महुआ (दौसा)	गणित	01
2.		भौतिक विज्ञान	01
3.		रसायन विज्ञान	01
4.		प्राणि शास्त्र	01
5.		वनस्पति शास्त्र	01
1.	राजकीय महाविद्यालय मण्डावर (दौसा)	हिन्दी साहित्य	01
2.		सामाजशास्त्र	01
3.		अंग्रेजी साहित्य	01
4.		भूगोल	01
1.	राजकीय कन्या महाविद्यालय महवा (दौसा)	हिन्दी साहित्य	01
2.		इतिहास	01
3.		संस्कृत	01
4.		राजनीति विज्ञान	01
5.		अर्थशास्त्र	01
6.		भूगोल	01

नोडल प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय महुवा (दौसा)

Scanned with CamScanner